Junagadh, Surat, Valsad and Bhavnagar. For identified potential in the study, banks will have to provide credit support after satisfying themselves about inter-alia technical feasibility and financial viability of the projects submitted to them. Banks have also the option of approaching NABARD for refinance facilities for financing such projects. During the year 1995-96, NABARD had provided an amount of Rs. 45.33 crores as refinance under the Rural Non-Farm Sector in Gujarat of which Rs. 3.95 crore pertained to agro-based inudstries.

उदयपुर, राजस्थान में विमानों का न उतरना

387. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उदयपुर, राजस्थान में कर्मचारियों की कमी के कारण कोई विमान दिन के बारह बजे से लेकर सायं 4 बजे तक हवाई पट्टी पर नहीं उतर पाता है जिससे राज्य में पर्यटन को गहरा धक्का पहुंच रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस समस्या का समाधान करने के लिए क्या कदम उठा रही है?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी० एम० इब्राहीम): (क) और (ख) उदयपुर हवाई अड्डे का धावन-पथ को उसके चल रहे पुनर्सतहीकरण कार्य के कारण प्रतिदिन 12 बजे दोपहर से सायं 4 बजे के बीच यातायात के लिए बंद कर दिया जाता है। इस कार्य के मार्च, 1997 तक पूरा होने की संभावना है।

स्टेट बैंक आफ इन्दौर की औद्योगिक वित्त शाखा द्वारा मंजूर किए गए ऋण

388. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्टेट बैंक आफ इन्दौर की करोल बाग, नई दिल्ली स्थित औद्योगिक वित्त शाखा द्वारा गत दो वर्षों के दौरान कितनी कम्पनियों/उद्योगों को ऋण मंजूर किए गए थे और मंजूर किए गए प्रत्येक ऋण का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन ऋणों को प्रदान करने में कुछ अनियमितताओं का पता चला है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन कम्पनियों को "प्रत्यय पत्र बीजक" (लेटर आफ क्रेडिट बिल्स) बिना भुगतान किए वापस कर दिए गए हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) बिना भुगतान वापस किए गए प्रत्यय पत्रों के संबंध में बैंकों की कितनी धनराशि अन्तर्ग्रस्त है और इस धनराशि की वसूली के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

वित्त मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) स्टेट बैंक आफ इन्दौर ने सूचित किया है कि इसकी करोल बाग, नई दिल्ली की औद्योगिक वित्त शाखा ने पिछले दो वर्षों के दौरान (नवम्बर, 1994 से अक्तूबर, 1996 तक) तीन कम्पनियों को 1.6 करोड़ रुपए (निधिबद्ध) और 0.4 करोड़ रुपए (गैर निधिबद्ध) की वित्तीय सहायता मंजूर की थी। तथापि, बैंकों में प्रचलित रीति-रिवाजों तथा सरकारी क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को नियंत्रित करने वाले कानूनी उपबंधों के अनुरूप तथा लोक वित्तीय संस्था (विश्वस्तता और गोपनीयता विषयक बाध्यता) अधिनियम, 1983 के उपबंधों के तहत व्यक्तिगत ग्राहकों से संबंधित सूचना उद्घटित नहीं की जा सकती है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) जी, नहीं।

(घ) उपर्युक्त (ग) के संदर्भ में प्रश्न ही नहीं उठता।

Allocation of Fund for Development of Tourism During 1996-97

389. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of TOURISM be pleased to state the proposed allocation of funds for the development of tourism in the country, particularly to Punjab during the year 1996-97?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF TOURISM (SHRI SRIKANTA JENA): Each year the Department of Tourism in consultation with the State Government officials identify projects for Central Financial Assistance. During 1996-97 projects at an estimated cost of Rs. 3389.43 lakhs has been identified for Central Financial Assistance.

Six Tourism Projects estimated of Rs.116.78 lakhs have been identified for Central Financial Assistance for Punjab during 1996-97.